Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# 2016 में बनने वाली सड़क 2022 तक भी नही बन पाई

**जिम्मेदार कौन**

## सड़कों की दुर्दशा को लेकर ग्रमीण हुए परेशान

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सड़क सुधारीकरण के मामले विगत छह साल बीत चुकने के बाद भी अब तक अधर में लटके पड़े हुए है। बता दें कि जिन सड़कों को एक साल में बनना था वे सड़के छह साल बीत चुकने के बाद भी अब तक नही बन पाई है।

जिले में सड़क सुधारणीकरण की स्थिति वास्तविक तौर पर बेहद चिंताजनक बनी हुई है। सीमांत में सड़कों की दुर्दशा को लेकर इलाके के ग्रमीण खासे परेशान हो रहे है। जिले में कई बार इलाके के ग्रमीण आकर प्रदर्शन कर चुके है। वहीं उनके इलाकों के सड़कों की दशा अब तक नही सुधर पाई है। अब ग्रमीणों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। जानकारी के मुताबिक नेपाल सीमा से लगे मडमानले क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क नैनीपातल



मडमानले सड़क सुधारीकरण के लिए बीते साल 2015 में चार करोड़ सताउन हजार की धनराशि जो कि लोनवि को जारी की गई। विभाग के लक्ष्य रखा कि साल 2016 से साल 2022 तक विभाग द्वारा तय समय पर सड़क का निमार्ण कार्य पूरा कर नही किया गया। मगर नतीजा निराशा जनक साबित हुआ। करोड़ों की मिली धनराशि से क्षेत्र में सड़क पर होटमिक्स डिफाल्टस कटिंग और नाली निर्माण का कार्य होना था। हालात यह है कि छह साल बीत गये मगर आज तक यह काम पूरा नही हो पाया है। सड़क में खानापूर्ति के नाम पर किया गया हाटमिक्स जगह जगह पर पूरा उखड़ गया है। सड़क में अब बरसात के दौरान जल भराव की तस्वीर साफ साफ नजर आने लगी है। वही इलाके के ग्रमीण लोनवि के उदसीन रवैये को लेकर खासा आक्रोशित नजर आ रहे है।

ग्रमीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर संबिधित महकमें के खिलाफ जांच किये जाने की मांग की है। नाराज ग्रमीणों ने संबधित महकमें की कार्यप्रणाली व उदासीन रवैये पर जिलाधिकारी को अवगत कराया है। इलाके के ग्रमीण गांव में अब सड़क की दुर्दशा को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाने को मजबूर हो रहे है। वह अधूरी पड़ी सड़क व अधर में लटकी सड़क की दशा को संबधित महकमें व ठेंकेदार के खिलाफ गांव के ग्रमीण मोर्चा खोलने की तैयारी में लगे हुए है।

## न्यूज डायरी :

### ट्रैकिंग करने गए आइआइटी कानपुर के प्रोफेसर की अचानक तबीयत बिगड़ी, मौत

**संवाददाता** पुरोला। हरकीदून ट्रैक पर जाते आईआईटी कानपुर में इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के 52 वर्षीय प्रोफेसर जे0 जॉनसन व्हाइट फोर्ड की मौत हो गई है। प्रोफेसर कानपूर एस जीव थिनम 457 टाइप 4–24 वीं स्ट्रीट,आईआईटी कानपुर,उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं तथा दो दिन पूर्व अपने दो विद्यार्थियों अमित तिवारी व जसप्रीत सिंह के साथ हरकीदून ट्रेकिंग पर गये थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात को मृतक ने हरकीदून रूट पर तबियत खराब होने की सूचना साथियों को देकर व अपने निजी डॉक्टर से सलाह ली। स्थानीय गाइड ने उन्हें कम ऊंचाई तक ही ट्रेकिंग करने के लिए कहा लेकिन शुकवार करीब साढ़े आठ बजे हरकीदून ट्रेकिंग बेस कैम्प ओसला के समीप ही ट्रेकिंग के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। थानाध्यक्ष मोहन कठैत ने बताया कि शुक्रवार को जे. जॉनसन व्हाइट फोर्ड का शव ओसाला में था सूचना मिलते ही पुलिस टीम ओसला रवाना हो गयी है।

### महिला कबड्डी में दिल्ली, हरियाणा की तीन टीमों ने जीते मैच

**संवाददाता** साहिया। कृषि उत्पादन मंडी समिति के मैदान में साहिया वैली क्रीड़ा व सांस्कृतिक समारोह की शुरुआत शुक्रवार को हुई। खेलकूद प्रतियोगिता में पहले दिन महिला कबड्डी से हुई। इसमें दिल्ली की दो टीम और हरियाणा की एक टीम ने उद्घाटन मैच जीते। 15 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पहले दिन शुक्रवार को खेलकूद की शुरुआत मुख्य अतिथि सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक कलम सिंह चौहान, सरदार भगवान सिंह बायो मेडिकल कालेज चेयरमैन एसपी सिंह व उदपाल्टा जिला पंचायत सदस्य बबीता चौहान ने दीप जलाकर किया। एसआरएम डिग्री कालेज साहिया की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### राष्ट्रीय प्रवेश और छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करेगा विद्यामंदिर क्लासेज

**संवाददाता** देहरादून । जेईई और नीट की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना नेशनल एडमिशन टेस्ट (एनएटी) 21, 22, 29मई को ऑनलाइन मोड से आयोजित कराने जा रही है। यह ऑनलाइन परीक्षा जेईई और नीट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी यात्रा के दौरान मेंटरशिप, मुफ्त संदेह समाधान और हैंड होल्डिंग सपोर्ट के साथ एक बड़ा बढ़ावा प्रदान करेगी। यह टेस्ट छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को विद्यामंदिर क्लासेज के शुरू होने वाले बैचों के विभिन्न कोर्सों के साथ जुड़ने का अवसर देगी और साथ ही उन्हें 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का भी मौका मिल सकता है।

## बारिश से दन्यां–आरासलपड़ मोटर मार्ग हुआ बाधित

**संवाददाता** अल्मोड़ा। पहाड़ पर जिला मुख्यालय के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले रविवार से हर एक दिन छोड़ बारिश हो रही है। व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं होने से अब लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कहीं नालियां चोक हैं तो कहीं ड्रेनेज सिस्टम ही नदारद होने से लोगों को आगामी बरसात की चिता सताने लगी हैं। उधर विकास खंड धौलादेवी क्षेत्र में गुरुवार की सायं हुई मूसलधार बारिश के चलते दन्यां आरासलपड़ मोटर मार्ग पर काफी मलबा जमा होने से यातायात बाधित हो गया है।

गुरुवार की सायं हुई तेज बारिश से जिला मुख्यालय के आंतरिक सड़क मार्गों के किनारे बनी नालियां चोक होने से नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा। इससे पैदल चलने वाले राहगीरों समेत वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सनवाल ने बरसात का सीजन शुरू होने से पहले सड़क किनारे बनी नालियों तथा कलमठों की साफ–सफाई किए जाने पर जोर दिया है। वहीं ड्रेनेज व्यवस्था के लिए कारगर उपाय किए जाने की मांग उठाई है।

उधर दन्यां–पनार राष्ट्रीय राजमार्ग के ओखलगाड़ा के समीप सड़क पर जमा मलबा गुरुवार की ही देर रात्रि में ही साफ कर आवागमन शुरू हो गया है। अन्य अनेक संपर्क मोटर मार्गों पर भी मलबा जमा हुआ है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जीवन सिंह व पूर्व बीडीसी सदस्य हरीश जोशी ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को सूचित कर दिया है।



## शिव महापुराण यज्ञ का किया गया आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला के ग्राम कंडियाल गांव में ओणेश्वर महादेव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 9 से 13 मई तक शिव महापुराण यज्ञ का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान बिजेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि ओणेश्वर महाराज जनपद टिहरी गढ़वाल के तीन विकास खंडों के आराध्य देवता है , व मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पालकी में विराजमान होकर कंडियाल गांव में पधारे है। महायज्ञ में रामा सेराई व बडियार क्षेत्र के इष्ट देवता कपिल मुनि महाराज, खंडा सूरी महाराज व कालिग नाग महाराज सहित अन्य देवी देवताओं की डोलिया भी शामिल थी। कथा समापन के अवसर पर व्यासपीठ विराजमान आचार्य विनोद नौटियाल ने शिव महापुराण का महात्म्य बताते हुए कपिल मुनि महाराज के जन्म का बड़ा ही सुंदर वृतांत सुनाया।

# मिड डे मील योजना पर प्रधानों ने लगाया प्रश्नचिह्न

**संवाददाता** बागेश्वर। कोरोना काल के दौरान लगभग ढाई वर्ष के बाद शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इसमें मिड डे मिल योजना पर कुछ प्रधानों ने सवाल उठाए। बैठक में पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याएं छाई रहीं।

विकास खंड सभागार में बीडीसी बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख पुष्पा देवी ने की। उन्होंने सदन में उठीं समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रधान पातलीबगड़ ने कहा कि सड़क निर्माण से पेयजल लाइन ध्वस्त है। चार किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने पुस्तकालय खोलने की मांग की। प्रधान जोशीपालड़ी ने जल जीवन



मिशन में प्रगति और संयोजन की मांग की। क्षेत्र पंचायत सदस्य आनंद तिवारी ने क्षेत्र में सड़े–गले पोल बदलने, बालीघाट से धरमघर तक झूलते तारों को दुरस्त करने की मांग की। सानीउडियार, भद्रकाली, चौगावंछीना आदि क्षेत्रों में भी बिजली के तार खतरा बने हुए हैं। भतौड़ा में करंट लगने से खच्चर की मौत पर मुआवजा मांगा। प्रधान चौंगावछीना ने देवलधार विद्यालय की मरम्मत की मांग की। कहा कि 1935 में भवन बना। 36 बच्चों पर एक ही शिक्षक तैनात है। प्रधान महेश चंद्र ने कहा कि शिक्षक शराब पीकर आते हैं। प्राथमिक विद्यालय भेंटा में एक वर्ष से शिक्षक संबद्ध हैं। धपोलासेरा ने प्राथमिक विद्यालय में 31 बच्चों पर एक ही शिक्षक हैं। पालड़ीछीना के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था चौपट है। प्राथमिक विद्यालय पाना में तीन वर्ष से एसएमसी की बैठक नहीं हुई है।

मिड डे मिल भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय तल्ला भेटा भवन जीर्णशीर्ण है। इस मौके पर एडएम सीएस इमलाल, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, ज्येष्ठ प्रमुख पुष्पा देवी, कनिष्ठ प्रमुख चांदनी टम्टा समेत विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## नैनीताल में जोरदार बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में पड़ ओले

**संवाददाता** नैनीताल। सरोवर नगरी में गुरुवार को जमकर पानी बरसा, वहीं शुक्रवार को भी तेज बारिश होने के साथ ओले पड़े। बारिश ने लोगों को जहां तहां ठिठकने को मजबूर कर दिया। इस दौरान जहां लोगों को दैनिक कार्यों में बाधा आई वहीं विभिन्न शहरों से पहुंचे सैलानी भी होटल में ही पैक रहे। नैनीतान में सुबह से ही घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। दस बजे के करीब जोरदार बारिश शुरू हो गई। ऊपरी इलाकों में ओले पड़ने लगे। बरसा का वेग अधिक होने के कारण नाले उफान पर आ गए और कूड़े कचरे के ढेर नैनी झील में तैरते नजर आने लगे। तेज बारिश ने लोगों को आने जाने का मौका नहीं दिया। इस दौरान लोअर मालरोड में कई जगहों पर जल भराव हो गया। जिस कारण दुपहिया वाहनों को आने जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। बारिश में पर्यटकों काफी परेशानी हुई। ऊंचाई वाले पर्यटक स्थलों में पहुंचे सैलानी खूब भीगे।